भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2399

सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**मुनाबाव सीमा का पर्यटन स्थल के रूप में विकास**

2399. **श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राजस्थान के बाड़मेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित मुनाबाव सीमा को वाघा सीमा की तर्ज पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का मुनाबाव सीमा का विकास कर सीमा पर्यटन, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए बीट रिट्रीट समारोह, दर्शक दीर्घा, संग्रहालय और लाइट एंड साउंड शो जैसे कार्यकलापों को शामिल करने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार निकट भविष्य में इस ऐतिहासिक और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान के पर्यटन विकास पर विचार कर सकती है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', स्वदेश दर्शन की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' नामक उप-योजना और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को निधियों की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/संबंधित केंद्रीय एजेंसी द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत भी पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

राजस्थान राज्य में एसडी, एसडी 2.0, प्रशाद, एसीए और एसएएससीआई योजना के तहत आवंटित धनराशि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

वर्तमान में, पर्यटन मंत्रालय में राजस्थान के बाड़मेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित मुनाबाव सीमा को वाघा सीमा की तर्ज पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी स्थायी प्रचार कार्यकलापों के तहत सोशल मीडिया, प्रचार संबंधी वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता देता है।

*****

**अनुबंध**

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल द्वारा मुनाबाव सीमा का पर्यटन स्थल के रूप में विकास के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2399 के (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरणः**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 |
| 2. | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) एवं नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामां क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |
| 4. | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ - राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेडी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरीकोठी) का विकास | 70.61 |

**राजस्थान राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर/पुष्कर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |

**राजस्थान राज्य में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृति तिथि | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री तनोट कॉम्प्लेक्स, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास | बीएसएफ | 05-07-2022 | 17.68 |
| 2. | नवलसागर झील, बूंदी में संगीतमय फव्वारा और जल स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रक्षेपण शो की स्थापना | आईटीडीसी | 04-10-2023 | 9.26 |

**राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | बूंदी | आध्यात्मिक अनुभव, केशवरायपाटन | 21.65 |
| 2. | 2024-25 | सीकर | श्री खाटूश्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य | 87.87 |
| 3. | 2024-25 | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य | 22.57 |
| 4. | 2024-25 | मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा) | मालासेरीडूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास | 48.73 |

**राजस्थान राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ और आसपास के क्षेत्र में विकास | 49.31 |
| 2. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जलमहल का विकास | 96.61 |

*****